# वर्ष २०२४ के लिए श्रीगुरुमाई के सन्देश पर कार्यशालाएँ

२ मार्च, २०२४

आत्मीय पाठक,

आपको याद होगा कि ७ जनवरी को श्रीगुरुगीता पाठ के सम्मान में, सीधे वीडिओ प्रसारण के माध्यम से आयोजित सत्संग में श्रीगुरुमाई ने बताया था कि सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर कुछ आने वाला है। और मुझे लगता है कि आप इस बारे में अधिक जानने के लिए उत्सुक होंगे।

गुरुमाई जी ने कहा था कि वर्ष २०२४ के लिए उनके नववर्ष-सन्देश पर कार्यशालाएँ होंगी जिनमें सिद्धयोग ध्यान-शिक्षक सिखाएँगे। और इन कार्यशालाओं का एक मुख्य भाग होगा : एक अद्‌भुत तकनीक का उपयोग करना जिसे कहते हैं, 'फ़िज़िकलाइज़ेशन' यानी 'शारीरिक रूप से अभिव्यक्त करना' जिससे आपकी मांसपेशियाँ भी श्रीगुरुमाई के नववर्ष-सन्देश के सार की स्मृति बना सकेंगी।

इन कार्यशालाओं का शीर्षक है :

**वर्ष २०२४ के लिए श्रीगुरुमाई के सन्देश का मूर्तरूप बनना**

इस वर्ष के दौरान चार कार्यशालाएँ आयोजित होंगी—अप्रैल, जून, सितम्बर और नवम्बर में। ये कार्यशालाएँ पंजीकरण द्वारा सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर और साथ ही भाग ले रहे सिद्धयोग आश्रमों व ध्यान-केन्द्रों पर उपलब्ध कराई जाएँगी। कार्यशालाओं में भाग लेने हेतु पंजीकरण के विषय में और इन कार्यशालाओं के विषय में अधिक जानकारी जल्द ही उपलब्ध होगी।

आदर सहित,

गौरी मौरर,
विषय-वस्तु विभाग की प्रमुख

© २०२४ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।